Seventeenth Loksabha

an>

Title: Ruling regarding notices of Adjournment Motion.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मुझे विभिन्न मुद्दों पर निम्नलिखित सदस्यों के स्थगन प्रस्ताव की सूचनाएं प्राप्त हुई हैं - प्रो. सौगत राय, श्री टी. एन. प्रथापन, एडवोकेट ए.एम. आरिफ, श्री हनुमान बेनिवाल, श्री बी. मणिक्कम टैगोर, श्री वी. के. श्रीकंदन, श्री हिबी इडन, एडवोकेट डीन कुरियाकोस, श्री अधीर रंजन चौधरी, श्री बैन्नी बेहनन, श्री कोडिकुन्नील सुरेश और श्री एम. सेल्वराज । मैंने स्थगन प्रस्ताव की किसी भी सूचना के लिए अनुमति प्रदान नहीं की है ।

… (व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक मिनट, बैठ जाइए । कई माननीय सदस्य तो बहुत गम्भीर हैं कि रोज ही स्थगन प्रस्ताव लगाते हैं । स्थगन प्रस्ताव लगाने की एक व्यवस्था है । जब देश में विशेष घटना घट रही हो, आपातकालीन घटना घटती हो, तब लगाया जाता है । कई माननीय सदस्य तो रोज ही नियमित रूप से स्थगन प्रस्ताव लगाते हैं । मैं आज तो उनका नाम पढ़ रहा हूं । जो रोज स्थगन प्रस्ताव लगाएंगे, उनका फिर नाम भी नहीं पढ़ूंगा ।

… (व्यवधान)